



# हिंदू सम्मेलन में गूंजा समरसता और एक पंगत, एक संगत का संदेश

## शाजापुर, मक्सी और सोयतकलां में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन

**शाजापुर, 18 जनवरी. संघ के शताब्दी वर्ष को लेकर देशभर में विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित कर एक पंगत, एक संगत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें समरसता का संदेश दिया जा रहा है. इसी कड़ी में शाजापुर, मक्सी और सोयतकलां में भी विराट हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों हिंदू परिवारों ने सहभागिता कर समरसता के साथ भोजन प्रसादी ग्रहण की.**

शाजापुर में माधव बस्ती क्रमांक 5 के द्वारा विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन प्रहलाद जीनिंग फैक्ट्री में किया गया, जिसमें अतिथियों एवं संतों द्वारा समरसता का संदेश दिया गया. इसके बाद एक पंगत-एक संगत के साथ हिंदू परिवारों ने समरसता के साथ भोजन कर धर्म का लाभ लिया.

### हिंदू सम्मेलन में गूंजा चेतना का शंखनाद

**सोयतकलां,** कृषि उपज मंडी प्रांगण में रविवार को भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता की. कार्यक्रम में मुख्य वक्ता गोपाल देराडी पूर्व प्रचारक, सेवा भारती मार्गदर्शक रहे. वहीं संत हरिनारायण वैष्णव नरसिंह सेवा आश्रम, खिलचीपुर, श्रीमती पिंकी आर्य राष्ट्रीय सेविका समिति, उज्जैन विभाग तथा राधेश्याम भावसार सेवानिवृत्त शिक्षक एवं समाजसेवी विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन रहे. कार्यक्रम का शुभारंभ गौ माता एवं भारत माता के पूजन के साथ हुआ. विभिन्न समाजों की बालिकाओं द्वारा अतिथियों का तिलक लगाकर




स्वागत कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया. शिव विराट हिंदू सम्मेलन में हजारों की संख्या में समाजजन उपस्थित हुए. संत हरिनारायण वैष्णव ने कहा कि सनातन धर्म पूजा की वस्तु नहीं, बल्कि जीवन में आचरण का विषय है. उन्होंने कहा कि समाज को आज लव जिहाद, शिक्षा जिहाद और आर्थिक षड्यंत्रों के प्रति सजग रहना होगा. उन्होंने बेटियों की सुरक्षा और आत्मबल पर जोर देते हुए कहा कि समाज को बेटियों को रानी लक्ष्मीबाई जैसी साहसी और संस्कारित बनाना होगा.

### संघ को कुचलने की कोशिशें हुई, लेकिन टूट नहीं पाया

गोपाल देराड़ी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की उत्पत्ति और 100 वर्षों की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संघ का उद्देश्य व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण रहा है. उन्होंने कहा कि केवल मतदान करना पर्याप्त नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक को अपने व्यवहार में ईमानदारी और राष्ट्रभक्ति उतारनी होगी. देराड़ी ने शाखा को राष्ट्रभक्ति की पाठशाला बताते हुए समाज से आग्रह किया कि अधिक से अधिक परिवार संगठन से जुड़ें, तभी देश सशक्त बनेगा.

### हिंदुत्व पूजा नहीं, आचरण है...

राष्ट्रीय सेविका समिति की कार्यकर्ता श्रीमती पिंकी आर्य ने अपने उद्बोधन में पांच परिवर्तन को जीवन में उतारने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि घर से ही राष्ट्र निर्माण की नींव पड़ती है और इसमें मातृशक्ति की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है. उन्होंने बच्चों में संस्कार, बड़ों के प्रति सम्मान, स्वदेशी आचरण और देशभक्ति की भावना विकसित करने पर जोर दिया. श्रीमती आर्य ने प्लास्टिक मुक्त जीवन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी भोजन, हिंदी भाषा के प्रयोग और सामाजिक समरसता को हिंदुत्व का व्यवहारिक स्वरूप बताया.

### सामाजिक समरसता का संदेश

कार्यक्रम के समापन पर संत हरि नारायण वैष्णव के मार्गदर्शन में उपस्थित नागरिकों को पांच सामाजिक परिवर्तनों का संकल्प दिलाया गया. इसके पश्चात नगर के सभी समाजों के नागरिकों ने जाति और वर्ग भेद से ऊपर उठकर सामूहिक सहभोज किया, जिसने सामाजिक एकता और समरसता का सशक्त संदेश दिया.




## एक पंक्ति, एक थाली में दिखी सामाजिक समरसता




**मक्सी,** नगर के महाराणा प्रताप बस्ती क्रमांक 1 द्वारा रविवार को सरस्वती विद्या मंदिर पड़ाव परिसर में गंगेश्वर महादेव हिंदू सम्मेलन समिति के तत्वावधान में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया. यह आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर सामाजिक समरसता और हिंदू एकता के सशक्त संदेश के रूप में सामने आया.

सम्मेलन में 3000 से अधिक हिंदू समाज के लोगों ने एक पंडाल, एक पंक्ति और एक थाली में बैठकर भोजन किया. यह दृश्य केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि सदियों से चली आ रही जातिगत विभाजन की मानसिकता को सीधी चुनौती था. कार्यक्रम ने यह स्पष्ट कर दिया कि हिंदू समाज आज विभाजन नहीं, बल्कि समरसता और एकता की ओर अग्रसर है. आज जब समाज को तोड़ने वाली विचारधाराएं सक्रिय हैं, ऐसे समय में मक्सी का यह आयोजन सामाजिक समरसता का जीवंत उदाहरण बना. ऊंच-नीच और जाति-पात से ऊपर उठकर एक साथ भोजन करना उस सामाजिक क्रांति का प्रतीक रहा, जिसकी आवश्यकता वर्तमान समय में सबसे अधिक महसूस की जा रही है.

### संगठित हिंदू समाज ही सशक्त राष्ट्र की नींव रख सकता है

सम्मेलन में साध्वी हेमलता दीदी सहित अन्य वक्ताओं ने हिंदू समाज की एकता को राष्ट्र निर्माण से जोड़ते हुए विचार रखे. वक्ताओं ने कहा कि समाज की शक्ति उसकी एकजुटता में निहित है और संगठित हिंदू समाज ही सशक्त राष्ट्र की नींव रख सकता है. उनके विचारों में भावनाओं के साथ-साथ समाज को दिशा देने वाली स्पष्ट सोच दिखाई दी. कार्यक्रम में मातृशक्ति, युवा वर्ग एवं वरिष्ठ नागरिकों की समान रूप से सक्रिय सहभागिता रही.

### यह जागरण किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं

यह सहभागिता इस बात का संकेत है कि हिंदू समाज का यह जागरण किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं, बल्कि सामूहिक चेतना का स्वरूप ले चुका है. संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर मक्सी में हुआ यह आयोजन यह दर्शाता है कि यह वर्ष केवल उत्सव का नहीं, बल्कि आत्ममंथन, सामाजिक पुनर्गठन और वैचारिक दृढ़ता का काल है. मक्सी ने यह संदेश दिया कि जब हिंदू समाज अपने भीतर की दीवारें गिराता है, तब कोई भी बाहरी शक्ति उसे कमजोर नहीं कर सकती. यह विराट हिंदू सम्मेलन आने वाले समय के लिए एक संकेत है कि यदि यही दिशा बनी रही, तो हिंदू समाज का पुनर्निर्माण केवल विचार नहीं, बल्कि सशक्त यथार्थ बनकर सामने आएगा.



## एक नजर में

### प्रशिक्षणार्थियों को मार्केट सर्वे एवं फील्ड विजिट कराया

**शाजापुर, 18 जनवरी.** बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान शाजापुर में संचालित दो पहिया वाहन रिपेयरिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आज प्रशिक्षणार्थियों को मार्केट सर्वे एवं फील्ड विजिट करवाया गया. इस फील्ड विजिट का उद्देश्य प्रशिक्षणार्थियों को बाजार की वास्तविक स्थिति, ग्राहक की जरूरतों, स्पेयर पार्ट्स की जानकारी तथा दो पहिया वाहन रिपेयरिंग व्यवसाय की व्यावहारिक समझ प्रदान करना रहा. फील्ड विजिट के दौरान संस्थान के संकाय सदस्य जितेंद्र कुमार विश्वकर्मा, राजेश परमार एवं ट्रेनर माणकलाल उपस्थित रहे. सभी ने प्रशिक्षणार्थियों को तकनीकी जानकारी के साथ-साथ स्वरोजगार से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव दिए. उल्लेखनीय है कि यह प्रशिक्षण 25 दिसंबर से प्रारंभ होकर 23 जनवरी तक संचालित किया जा रहा है, जिसका समापन 23 जनवरी को किया जाएगा. प्रशिक्षणार्थियों ने इस पहल को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उन्हें भविष्य में स्वयं का रोजगार शुरू करने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी.

### कलश यात्रा के साथ हुआ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ



**सोयतकलां, 18 जनवरी.** समीपस्थ ग्राम सालियाखेड़ी में परसांगनिया स्वर्णकार परिवार द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें रविवार को श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ. कथा से पूर्व कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं श्रद्धालुओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर हिस्सा लिया. यह कलश यात्रा निज निवास बस स्टैंड से शुरू होकर गांव के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी. वहीं द्वारकाधीश मंदिर पहुंची. जहां श्री द्वारकाधीश की महा आरती की गई. जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया. यात्रा के दौरान बैंड बाजे के साथ भजनों पर महिलाएं श्रद्धा पूर्वक नृत्य करती दिखी. कलश यात्रा के समापन के बाद श्रीमद् भागवत कथा का विधिवत शुभारंभ हुआ. कथावाचक पंडित गोविंद पाराशर डोंगरगांव ने कथा के पहले दिन भागवत महात्म्य का वर्णन किया. उन्होंने श्रद्धालुओं को भागवत कथा के महत्व से अवगत कराते हुए बताया कि यह मानव जीवन को स्वर्ग पर ले जाने का माध्यम है. शाम 4 बजे महाआरती कर महाप्रसाद का वितरण किया गया.

### मंदिरों में चोरी के आरोप में दो को आगर जेल से लाई पुलिस

**शुजालपुर, 18 जनवरी.** शहर के दो प्रमुख देवालयों में पिछले दिनों हुई चोरी के मामले में शुजालपुर मंडी पुलिस दो आरोपियों से पूछताछ कर रही है, इन आरोपियों को आगर जेल से पूछताछ के लिए वारंट पर लेकर आई है. पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों का पीएसटीएन डॉटा आगर व शुजालपुर में मेच कर रहा है, जिसके चलते इन आरोपियों से पूछताछ की जा रही है. बता दे शुजालपुर मंडी में प्रमुख चौराहे पर स्थित रोकडिया हनुमान मंदिर एवं ऋणकेश्वर महादेव मंदिर पर 4 जनवरी की रात्रि में चोरी की वारदात हुई थी. मंडी थाने के प्रधान आरक्षक रामदयाल श्रीवास्तव ने बताया कि आगर पुलिस ने उनके क्षेत्र में हुई जैन मंदिर की चोरी के मामले में जांच उपरांत दो युवकों सूरज पिता नवलसिंह ठाकुर 23 वर्ष एवं सुल्तान पिता रसीद बेग 23 वर्ष दोनों निवासी चितावद थाना बडिया जिला खरगोन को पकड़ा था. आगर पुलिस की जांच में पीएसटीएन डॉटा आगर के साथ शुजालपुर में भी मेच हुआ, इस मामले में जांच के लिए आगर पुलिस शुजालपुर भी आई थी. दोनों आरोपियों को पकड़ने के बाद आगर पुलिस ने इन्हे न्यायालय के आदेश पर जेल दाखिल किया था. साथ ही आगर पुलिस ने इस संबंध में शाजापुर जिला पुलिस को जानकारी दी थी, जिसके बाद शुजालपुर पुलिस इन आरोपियों को पूछताछ के लिए दो दिन के रिमांड पर लाई है, प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने वारदात से इंकार किया. हालांकि आगर पुलिस को दिए बयान में इन दोनों आरोपियों ने शुजालपुर में दो मंदिरों में ताला तोडना स्वीकारा है, आरोपियों से कोई सामग्री जप्त नहीं हुई. शुजालपुर पुलिस के अनुसार स्थानीय दोनों मंदिरों में हुई वारदात में 3 लोग शामिल होना दिखाई दे रहे है, तीसरे के संबंध में पकडे गए आरोपियों से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि तीसरा आरोपी उन्हें रेलवे स्टेशन पर आग तापने के दौरान मिला था, जिसके संबंध में वे ज्यादा नहीं जानते है और तीसरा आरोपी शुजालपुर ही रूक गया था और वे चले गए थे.

## इंदौर को 7 विकेट से हराकर आगर रंगीला रही विजेता




**सोयतकलां, 18 जनवरी. नगर परिषद खेल मैदान खेरिया रोड पर संगम फ्रेंड्स क्लब के तत्वावधान में आयोजित प्रबल ट्रॉफी 2026 का समापन हुआ, जिसमें इंदौर को 7 विकेट से हराकर आगर रंगीला विजेता रही.**

12 जनवरी से शुरू हुई स्पर्धा में सोयत सहित आसपास के क्षेत्र की टीमों ने भाग लिया. 6 दिन चले मुकाबले में 4 टीम सेमीफाइनल में पहुंची, जो कि भवानी मंडी, इंदौर, आगर रंगीला और दिलऔरा थी. फाइनल में इंदौर और आगर रंगीला पहुंचे. जिसमें आगर रंगीला विजेता और इंदौर की टीम उपविजेता बनी. फाइनल मैच की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ हुई. टॉस इंदौर टीम ने जीता. वह पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 120 रन 4 विकेट के नुकसान पर बनाए. 120 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आगर रंगीला की टीम ने 5.3 ओवर में 7 विकेट खोकर 126 रन बना मैच जीत लिया. मेन ऑफ द सीरिज ईशान अफरीदी रहे व मेन ऑफ द मैच इरफान शाह रहे. मेन ऑफ द सीरिज को 11111 रुपए व मेन ऑफ द मैच को 5555 रुपए व ट्रॉफी पुरस्कार स्वरूप दिए गए. विजेता टीम को पुष्कर राज सिंह जादौन अध्यक्ष प्रतिनिधि नगर परिषद सोयतकला द्वारा 71000 रुपए व ट्रॉफी पुरस्कार स्वरूप दिए गए. वहीं उपविजेता टीम को संगम फ्रेंड्स क्लब द्वारा 31000 रुपए व ट्रॉफी पुरस्कार स्वरूप दिए गए. स्पर्धा स्व. रविंद्र सिंह चौहान पूर्व पार्षद की स्मृति में हुई. अतिथि पूर्व विधायक राणा विक्रम सिंह, जनपद सदस्य कालू सिंह सिसोदिया, जिला उपाध्यक्ष सज्जन सिंह कलारिया, नपा उपाध्यक्ष राजेश बैरागी, मंडल अध्यक्ष अमित नागर, राजेश राठौर, पवन भावसार, अंतिम भावसार, बब्लू कारपेंटर आदि मौजूद थे.

### मौनी अमावस्या पर आयोजित हुआ भंडारा

**शुजालपुर, 18 जनवरी.** प्राचीन काकड़ खेड़ा हनुमान मंदिर में मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर विशाल भंडारे का भव्य आयोजन श्रद्धा और आस्था के साथ संपन्न हुआ. इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के साथ-साथ दूर.दराज़ से आए हजारों श्रद्धालुओं ने सहभागिता की और प्रेमपूर्वक वितरित भोजन-प्रसादी का लाभ लिया. मंदिर परिसर सुबह से ही जय बजरंग बली के जयकारों से गूंज उठा, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया. काकड़ खेड़ा हनुमान मंदिर का इतिहास वर्षों पुराना और आस्था से परिपूर्ण माना जाता है. स्थानीय मान्यताओं के अनुसार यहां प्रतिदिन दर्शन करने से संकट दूर होते हैं और मनोकामनाएं पूर्ण होती है. यही कारण है कि इस मंदिर में हर दिन श्रद्धालुओं की निरंतर आवाजाही बनी रहती है.

## दिन में गर्मी, शाम को हवाओं ने कंपकंपाया

**शाजापुर, 18 जनवरी. रविवार को नगरवासियों को गर्मी और सर्दी दोनों का एहसास हुआ. दिन में खिली धूप से लोगों के पसीने छूट गए, तो शाम को फिर सर्दी ने लोगों को जकड़ लिया. जबकि इस दिन न्यूनतम तापमान 14 डिग्री से अधिक पहुंच गया. इसके बावजूद सर्द हवाओं ने लोगों को कंपकंपा दिया.**

शनिवार को नगर का अधिकतम तापमान 29.8 था, जो रविवार को 28.8 दर्ज किया गया. जबकि न्यूनतम तापमान 8.4 से बढ़कर 14.7 डिग्री पहुंच गया. उम्मीद थी कि दिन के तापमान में भी बढ़ोत्तरी होगी, लेकिन सर्द हवाओं के चलते लोगों को गर्मी के साथ-साथ सर्दी का भी सामना करना पड़ा और तापमान बढ़ने के बजाए कम हो गया. इस दिन आसमान पर बादल भी छाए, लेकिन सर्द हवाओं ने सर्दी से राहत में रोड़ा बनकर लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया और पूरे दिन 14 किमी की रफ्तार से उत्तर-पश्चिमी हवाओं ने डेरा डाले रखा.

### कभी राहत, कभी बनी आफत...

रविवार को आसमान पर बादलों के साथ-साथ सूरज का भी पहरा रहा. हवाएं चलने के कारण कभी आसमान साफ हुआ, तो कभी सूरज छुप गया, जिसके चलते लोगों को धूप से राहत भी मिल रही थी, तो कभी धूप से चुभन भी हो रही थी. हालांकि मौसम विभाग ने आगामी दिनों में मौसम साफ होने से सर्दी से राहत मिलने की संभावना जताई है.

### बारिश की संभावना नहीं, बढ़ेगा तापमान...

मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि आगामी दिनों में आसमान पर बादलों का पहरा रहेगा, लेकिन बारिश की कोई संभावना नहीं है. उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में तापमान में वृद्धि होगी और वातावरण से धीरे-धीरे सर्दी गायब हो जाएगी. इसके बाद तापमान मे लगातार बढ़ोत्तरी का दौर जारी रहेगा.

## न्यायालय ने स्वीकृत की 43 लाख की क्षतिपूर्ति राशि

**शाजापुर, 18 जनवरी.** नागनागनी रोड निवासी एक युवक की बाइक को एक अन्य बाइक सवार ने टक्कर मार दी थी. इस हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल होकर अस्पताल पहुंचा था, जहां उसकी मौत हो गई थी. इस पर न्यायालय ने 43 लाख 33 हजार रुपए की क्षतिपूर्ति राशि स्वीकृत की है. अभिभाषक कमल कुमार पाटीदार एवं जावेद पठान ने बताया कि जिला मुख्यालय स्थित नागनागनी रोड निवासी अविनाश वर्मा 6 फरवरी 2025 को अपनी मोटर साइकिल से ग्राम नैनावद स्थित गार्डन जा रहा था. लखुदर ब्रिज पर शाम करीब 5 बजे शाजापुर की ओर से आ रहे एक बाइक सवार ने अविनाश की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी. हादसे में अविनाश वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया और उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई. दुर्घटना की रिपोर्ट थाना तराना मे पंजीबद्द हुई. मृतक अविनाश पिता मोहन वर्मा 41 वर्ष निवासी नाग नागनी रोड शाजापुर की मृत्यु पर उनके परिजनों द्वारा शाजापुर न्यायालय में दुर्घटना दावा प्रस्तुत किया गया. जहां सुनवाई के पश्चात द्वितीय एमएसीटी शाजापुर ने 13 जनवरी को क्षतिपूर्ति स्वरूप 43 लाख 33 हजार रुपए क्षतिपूर्ति राशि दिए जाने के आदेश दिए हैं.

### शाजापुर और शुजालपुर रहे विजेता

**शाजापुर, 18 जनवरी.** माह जनवरी 2026 में प्रस्तावित खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 अंतर्गत कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना एवं एसपी यशपाल सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में विकासखण्ड स्तर पर चयन स्पर्धा एवं जिला स्तर पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें बालक एवं बालिका वर्ग में ओवर ऑल शुजालपुर विजेता एवं बालक वर्ग में ओवर ऑल शाजापुर विजेता रहा. समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अरुण भीमावद, आशीष नागर आदि उपस्थित थे. जिलास्तरीय प्रतियोगिता में विजेता खिलाडियों एवं टीमों को मुख्य अतिथि द्वारा मेडल, ट्राफी, प्रमाण-पत्रों का वितरण किया गया एवं खेलो एमपी यूथ गेम्स के अंतर्गत होने वाली अन्य प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामना दी. जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी रविन्द्र हार्डिया ने बताया कि खेलो एमपी यूथ गेम्स अंतर्गत जिलास्तरीय प्रतियोगिता 17 से 18 जनवरी 2026 को जिला मुख्यालय पर विभिन्न खेल मैदानों पर कबड्डी, वालीवॉल, फुटबॉल, हॉकी, खो-खो, रस्साकशी, पिट्टू, क्रिकेट, ऐथलेक्टिस, कुश्ती, बॉक्सिंग, जूडो, बैडमिंटन, मलखंब, टेनिस, वेटलिफ्टिंग, टेबल टेनिस, योगासन, तैराकी, शतरंज, बालक एवं बालिका वर्ग में ओवर ऑल शुजालपुर विजेता एवं बालक वर्ग में ओवर ऑल शाजापुर विजेता रहा. प्रतियोगिता को सफल बनाने में जिला एवं विकासखण्डों से आए प्रशिक्षकों ने सहयोग प्रदान किया.

**एक नजर में** — ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश के अंतर्गत मोहन बड़ोदिया में ब्लॉक स्तर कार्यक्रम आयोजित

## विवेकानंद जी के विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए

**शाजापुर, 18 जनवरी. ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश के अंतर्गत ब्लॉक स्तर कार्यक्रम का आयोजन रविवार को मोहन बड़ोदिया में किया गया. मुख्य अतिथि हेमराज सिंह सिसोदिया जिला पंचायत अध्यक्ष शाजापुर, मुख्य वक्ता के रूप में सुशील व्यास बौद्धिक प्रमुख ब्यावरा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, विशेष अतिथि विष्णु प्रसाद नागर जिला समन्वयक मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद शाजापुर, सतीश पाटीदार खंड समन्वयक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ मोहन बड़ोदिया, बाबूलाल पाटीदार प्राचार्य सीएम राइज शाउमवि मोहन बड़ोदिया, नवांकुर संस्था के अध्यक्ष रामकिशन राजपूत, कृपाल राजपूत, दिनेश कलमोदिया, गोपाल राजपूत और सदस्य उपस्थित रहे.**




कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया गया. कार्यक्रम में सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई. प्रेरणा गीत परामर्शदाता कामिनी शर्मा द्वारा प्रस्तुत किया गया. कार्यक्रम में मुख्य वक्ता द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिन पर उनके विचारों को रखा. उन्होंने स्वदेशी अपनाएं लोकल फॉर वोकल पर जोर दिया. साथ ही पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा की. जल संरक्षण पर विचार व्यक्त किए. जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि विवेकानंद जी के विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए. उन्होंने शासन की योजना के बारे में जानकारी दी. सभी को एक साथ चलना और सब का विकास हो, सब का कल्याण हो, सब का साथ, सब का का विकास की बात कही. आभार श्रीमती कामिनी शर्मा ने माना. संचालन परामर्शदाता महेश सिसोदिया ने किया.

### बाल विवाह पर स्वरचित कविता प्रस्तुत की

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व विकास क्षमता कार्यक्रम के छात्र द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के बारे में विचार रखे. साथ ही बाल विवाह पर स्वरचित कविता प्रस्तुत की. वाद विवाद प्रतियोगिता पर पुरस्कार वितरण किया गया. कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता पाठ्यक्रम के छात्र एवं प्रस्फुटन समिति के सदस्य परमर्शदाता श्रीमती सोना राजपूत, जितेंद्र राजपूत उपस्थित रहे.

